नगर आयुक्त ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

ऑडिशन टाइम्स शाहजहाँपुर। नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने नगर के तराई स्थित कान्हा गौशाला में सफाई व्यवस्था,शुद्ध पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था तथा गौवंशीय हेतु चारे व भूसा की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया ।

नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के समय कान्हा गौशाला में विशेष रुप से सफाई व्यवस्था, शुद्ध पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था तथा गौवंशीयों हेतु चारे एवं भूसा की व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त द्वारा सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरस्त रखने एवं गौवंशीयों के लिये चारा व भूसा पर्याप्त मात्रा में रखे जाने हेतु संबन्धित को निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त द्वारा कान्हा गौशाला में गौवंशीयों के बीमार हो जाने पर उनकी देखभाल व तत्काल रुप से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने के सबंन्धित को निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त के साथ कन्हा गौशाला में कार्य करने वाले कर्मचारीगण उपस्थित रहे।